# कांग्रेसियों ने अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**खास बातें**

- अधूरे निर्माण कार्यों का नारियल फोड़कर लोकार्पण कर जताया विरोध
- शहर में अधूरे पड़े नालों, सड़कों पर पहुंचे कांग्रेसी



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 7 नवम्बर, शहर में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों एवं समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया. इस मौके पर कांग्रेसी कार्यकर्ता शहर में अधूरे पड़े नालों एवं सड़कों पर पहुंचे. जहां पर उन्होंने शहर में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों का विरोध प्रदर्शन करते हुए तत्काल इन निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने की मांग की. इस दौरान कांग्रेसियों ने कई गंभीर आरोप भी लगाये.**

शहर में शुक्रवार को कांग्रेस के कार्यकर्ता वार्ड 2 पालीवाल कॉलोनी क्षेत्र में पहुंचे. जहां पर उन्होंने मुख्य सड़क किनारे बने नाला पर अगरबत्ती लगाकर नारियल फोड़कर लोकार्पण कर विरोध प्रदर्शन किया. इस मौके पर कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी भी की. इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि यह नाला कई दिनों से अधूरा पड़ा है. इस नाले के निर्माण के कारण स्थानीय रहवासी परेशान हो रहे हैं. नाले के कारण स्थानीय रहवासियों के मकान में पानी भर रहा है. इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस सिरोंज के अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि पालीवाल कॉलोनी का यह मार्ग व्यस्ततम मार्ग है, जहां पर आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है. पालीवाल कॉलोनी में सड़क किनारे बने इस नाले के कारण स्थानीय रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. नाले के कारण कई रहवासियों के घरों में पानी भर रहा है. जिससे मोहल्ले के रहवासी परेशान है. उन्होंने कहा कि शहर में कई नालों का निर्माण अधूरा पड़ा है. इन अधूरे नालों के कारण जनता परेशान हो रही है. लेकिन जनता की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. वहीं शहर में कई सड़कें अधूरी पड़ी है. जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि नगरपालिका आये दिन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करा रही है, लेकिन पुराने अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने की ओर ध्यान नहीं दे रही है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है. शहर में जनता अधूरे निर्माण कार्यों से परेशान हो रही है. उन्होंने मांग की है कि नगरपालिका को इन अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को तत्काल पूर्ण कराना चाहिए. उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से शहर में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की. वहीं कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि भाजपा विकास के खोखले दावे कर रही है. शहर में कई निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं. शहर में बनने वाले कई नालों का निर्माण अधूरा पड़ा है. वहीं नालों के निर्माण में भारी लापरवाही की शिकायतें मिल रही हैं. बावजूद इसके आये दिन शहर में निर्माण कार्यों की भूमिपूजन कराकर जनता को गुमराह किया जा रहा है. बासौदा नाका क्षेत्र में नाला खुला पड़ा हुआ है. जिसमें गिरकर मवेशी एवं लोग घायल हो रहे हैं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. शहर में अधूरे काम पड़े हुए हैं. इसलिए कांग्रेस द्वारा यह विरोध प्रदर्शन कर वास्तविक स्थिति को सामने रखा जा रहा है. कांग्रेस नेता रजत गौड़ ने आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में आये दिन भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहे हैं, लेकिन धरातल पर वास्तविक स्थिति को नहीं देखा जा रहा है कि यह निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं. इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष ईरशाद गौरी, गगनेंद्र रघुवंशी, राकेश शर्मा, सादिक, अतीक, सुशीला बाई, अवध शर्मा, अरविंद नगीना सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे.



## अधूरा खेल मैदान सौंपा पंचायत को, 8 साल से रिवाइज्ड ऐस्टीमेट का इंतजार

**नवभारत की खबर का असर**

**नवभारत न्यूज**

**पठारी, 80 लाख रुपए की लागत से बने जिस खेल मैदान को जनता अभी तक अधूरा मान रही थी.नवभारत की खबर आने के बाद पता चला कि वह आरईएस विभाग के द्वारा पूर्ण हो गया है और पंचायत को सुपुर्द भी कर दिया गया है.**

गलत जगह चयन होने के कारण खेल मैदान के लिए स्वीकृत राशि 80 लाख रुपए खर्च हो गए लेकिन मैदान अधूरा रहा. नवभारत की खबर के बाद कलेक्टर के निर्देश पर खेल मैदान की फाइल ओपन हुई तो उसमें से कई राज सामने आए. वर्ष 2017-18 में निर्माण एजेंसी और आरईएस विभाग के तत्कालीन एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अम्बा लाल उइके, एसडीओ एसएस ठाकुर और सब इंजीनियर फ़ाहद अनवर खान को सस्पेंड किया गया था. सितंबर 2018 में यह खेल मैदान ग्राम पंचायत को सुपुर्द कर दिया गया था. लेकिन ग्राम पंचायत ने अपनी शर्तो पर ही स्वीकार किया था जिसमें अधूरे कार्यों को पूर्ण करने के लिए रिवाइज्ड ऐस्टीमेट शामिल है जो आज तक मंजूर नहीं हो पाया. खेल मैदान के लिए पक्की सड़क तो दूर शासकीय पहुंच मार्ग ही नहीं है.

वर्ष 2015-16 में खेल मैदान मंजूर हुआ था और लगभग 9 साल बाद भी खेल प्रेमियों को खेल मैदान का लाभ नहीं मिल पा रहा है और मामला कागजी कार्रवाई में उलझा हुआ है.सस्पेंड ईई अंबालाल उइके का निधन हो चुका है. एसडीओ एस ठाकुर रिटायर हो चुके हैं.जबकि सब इंजीनियर फहद अनवर पर विभागीय जांच चल रही है.

आरईएस की एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजेश्वरी सिंह बघेल ने बताया कि खेल मैदान के बेसिक कार्य पूर्ण हो चुके हैं खेल मैदान पंचायत को सौंप दिया गया था.रिवाइज्ड ऐस्टीमेट शासन के लिए भेजा गया है.आरईएस विभाग ने खेल मैदान पंचायत को सौंप कर अपना पल्ला झाड़ लिया रिवाइज्ड ऐस्टीमेट मंजूर नहीं हुआ और खेल प्रेमियों के लिए आज भी समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई है.

### हमने अपनी पर लिया खेल मैदान-सचिव

इस संबंध में गोविंद सिंह राजपूत सचिव ग्राम पंचायत पठारी का कहना है कि हमने अपनी शर्तो पर खेल मैदान लिया था. जिसमें खेल मैदान में पानी बिजली के अलावा कई कार्य अधूरे हैं.जिन्हें पूरा करवाने की शर्त रखी थी जो आज तक पूरे नहीं हुए.

**एक नजर में**

### खेत से अजगर का किया रेस्क्यू

**नवभारत न्यूज**

**लटेरी,** झुकर के पास एक खेत मालिक राजेश राजपूत ने बहुत बड़ा अजगर सांप देखा और समय रहते रेस्क्यू मास्टर श्रेयांस जेन को फोन किया तो श्रेयांस जेन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और 10 से 15 फिट लंबे अजगर का सफल रेस्क्यू किया. जिसका वजन करीब 20 से 25 किलो होगा.अजगर का रेस्क्यू कर उसे वन विभाग को सौंप दिया. श्री जैन ने बताया कि उन्होंने अभी तक करीब 6000 छोटे बड़े सांपों का रेस्क्यू कर उनकी जान बचा चुके हैं.जिसमें अजगर का यह उनका दूसरा रेस्क्यू था.

### रागिनी और भूमि खेलेंगी संभाग स्तरीय वॉलीबॉल



**नवभारष्ट्त न्यूज**

**विदिशा,** सैंटमैरी पी जी महाविद्यालय की रागिनी अहिरवार एवं भूमि पथरौल का संभाग स्तरीय महिला वॉलीबॉल के लिए चयन हुआ.संस्था संचालक फॉदर सिंटो प्राचार्य नलिन थपलियाल सिस्टर प्रभावित क्रीड़ा अधिकारी देवेन्द्र नामदेव ,डॉ दिनेश शाह, डॉ गिरीश सुरजन एवं समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी.



## मप्र रघुवंशी समाज में आक्रोश, पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** नरेंद्र सिंह रघुवंशी गुड्डा के पक्ष में रघुवंशी समाज ने एक जुट होकर आवाज उठाई. समाज के लोगों ने कहा उन पर झूठा प्रकरण कायम किया है.प्रकरण को वापस लेने की मांग की जा रही है. विदिशा के भाजपा नेता विमल तारण की बीच सड़क पर संजय नामदेव नमक व्यक्ति ने गालों पर थप्पड़ों से पिटाई की. श्री तारण ने इस षड्यंत्र के पीछे एक भाजपा नेता का नाम लिया और पुलिस को सारी स्थिति से अवगत कराया. पुलिस ने यह तहकीकात की आरोपी संजय नामदेव ने किसके कहने पर यह सब किया संभवत: संजय ने ही नरेंद्र रघुवंशी गुड्डा का नाम पुलिस को बताया होगा. जबकि फरियादी एडवोकेट विमल तारण द्वारा गुड्डा रघुवंशी का नाम नहीं लिया.इसी आधार को लेकर रघुवंशी समाज एकजुट हुई और ज्ञापन दिया. जिस पर पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया.

## बोलेरो गाड़ी पलटने से दो गंभीर घायल

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** पठारी भालबमौरा मार्ग पर एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और पलटने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हादसे में वाहन सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जिसमें इंद्राज लोधी उम्र 45 वर्ष ग्राम गुदावल निवासी गंभीर हालत में है.वही दूसरे युवा अजय यादव उम्र 29 वर्ष निवासी करौंदा को भी छोटे आए हैं.सूचना मिलते ही 112 की चालक पुष्पेंद्र ठाकुर ,गजराज कुर्मी टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तुरंत पठारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया.जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें तत्काल रेफर कर दिया.

## नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, थाना सिरोंज पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया.**

जिले में अपहृत एवं गुमशुदा बालिकाओं, महिलाओं की पतारसी हेतु ऑपरेशन मुस्कान अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है. इसी क्रम में थाना सिरोंज पुलिस द्वारा एक नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया. जानकारी के अनुसार बीते दिनों शिकायतकर्ता ने अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री के किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट थाना सिरोंज में दर्ज कराई गई थी. मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. जिसके बाद थाना सिरोंज पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया. पुलिस की इस कार्यवाही में निरीक्षक विमलेश राय, उपनिरीक्षक आर.के. दोहरे, आरक्षक शशांक पाठक, सचिन, विष्णु तोमर एवं राकेश सायबर टीम की सराहनीय भूमिका रही.

## मूल्य से अधिक दर पर खाद बेचने वाले हर्षित कृषि सेवा केंद्र का लाइसेंस रद्द

**नवभारत न्यूज**

**आनंदपुर ,किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर यूरिया और डीएपी खाद बेचने के आरोप में हर्षित कृषि सेवा केंद्र, आनंदपुर के खिलाफ आखिरकार प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है.कृषि विभाग ने जांच पूरी होने के बाद केंद्र का लाइसेंस निलंबित ( रद्द ) कर दिया है.इस कार्रवाई से क्षेत्र के किसानों में संतोष की भावना है और प्रशासन की तत्परता की सराहना की जा रही है.**

शिकायत के बाद शुरू हुई जांच

जानकारी के अनुसार, आनंदपुर निवासी किसान रामेश्वर मीणा ने अनुविभागीय अधिकारी नितिन जैन को लिखित शिकायत देकर बताया था कि आनंदपुर स्थित हर्षित कृषि सेवा केंद्र किसानों को यूरिया और डीएपी खाद निर्धारित सरकारी मूल्य से अधिक दरों पर बेच रहा है.शिकायत में उल्लेख किया गया कि यह किसानों के आर्थिक शोषण और उर्वरक नियंत्रण आदेश एफसीओ का उल्लंघन है.एसडीएम लटेरी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कृषि विस्तार अधिकारी लटेरी को मौके पर जांच के निर्देश दिए. अधिकारी द्वारा की गई जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए.

### जांच में मिली गड़बड़ी, दरें निर्धारित मूल्य से अधिक

जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि हर्षित कृषि सेवा केंद्र द्वारा डीएपी खाद सरकारी दर से 400 रुपये अधिक, जबकि यूरिया बोरी 80 रुपये अधिक दाम पर बेची जा रही थी.इसके अलावा, खाद वितरण रजिस्टर में भी कई विसंगतियाँ और अपूर्ण प्रविष्टियाँ मिलीं.अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से लिखा कि यह कार्य उर्वरक नियंत्रण आदेश का उल्लंघन है और इस पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है.जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही जिला कृषि अधिकारी कार्यालय ने त्वरित संज्ञान लिया और केंद्र का लाइसेंस निलंबित कर दिया.साथ ही, विभाग ने जिले के सभी निजी सेवा केंद्रों को चेतावनी दी है कि यदि किसी भी विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद या यूरिया बेचा गया तो उसका लाइसेंस भी तुरंत रद्द किया जाएगा.

## किसान ने व्यापारी को अधिक राशि वापस कर पेश की ईमानदारी की मिसाल



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** सिरोंज में एक किसान द्वारा ईमानदारी की मिसाल पेश की गई. इस दौरान किसान ने उनके खाते में एक व्यापारी द्वारा भूलवश फसल की अधिक राशि का भुगतान किये जाने पर किसान ने ईमानदारी का परिचय देते हुए व्यापारी को मंडी प्रशासन की मौजूदगी में राशि वापस की. किसान की ईमानदारी की लोगों ने प्रशंसा की है. ईकोदिया के किसान एवं कांग्रेस नेता राजेंद्र रघुवंशी ने बताया कि उन्होंने सिरोंज कृषि उपज मंडी में नीलामी में बीते दिनों एक व्यापारी को करीब 15 क्विंटल सोयाबीन की फसल बेची थी. जिसपर व्यापारी द्वारा उनके खाते में फसल की राशि ट्रांसफर कर दी गई थी. इसके बाद एक बार फिर व्यापारी द्वारा भूलवश दो दिन बाद उनके खाते में जमा कर दी गई. जिसपर शुक्रवार को किसान राजेंद्र रघुवंशी ने मंडी में पहुंचकर मंडी सचिव एल.एन. भिलाला की मौजूदगी में व्यापारी को 97 हजार 630 की राशि चेक के माध्यम से वापस की. इस दौरान लोगों ने किसान की ईमानदारी की प्रशंसा की. वही मंडी प्रशासन एवं व्यापारी ने किसान का आभार जताया.



## विधायक को बताई जनपद क्षेत्र की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** जनपद सदस्य प्रतिनिधि पं. प्रशांत पालीवाल ने शुक्रवार को विधायक उमाकांत शर्मा से मुलाकात कर उनको जनपद क्षेत्र मुगलसराय की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं के बारे में बताया. एवं जनपद क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की. इस दौरान उन्होंने मुगलसराय थाने से सालरी ग्राम तक डामरीकरण मार्ग, रविदास मंदिर बाउंड्रीवॉल मुगलसराय, जानकी मंदिर के पास समुदाय भवन मुगलसराय एवं शासकीय महाविद्यालय मुगलसराय की मांग की.

## विधानसभा स्तर पर हुआ सांसद खेल महोत्सव का प्रारंभ, निकली मशाल यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** विदिशा संसदीय क्षेत्र के खेल महोत्सव का शनिवार को बासौदा विधानसभा में भी मशाल जलूस के साथ भव्य शुभारंभ हुआ. सर्वप्रथम मशाल जलूस का प्रारंभ बासौदा नगर मंडल से हुआ. जिसके लिए बासौदा जनपद पंचायत में क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी व सांसद खेल महोत्सव के विधानसभा प्रभारी प्रेमनारायण विश्वकर्मा की उपस्थिति में एक मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ.मंचीय कार्यक्रम के उपरांत मशाल जलूस प्रारंभ हुआ मशाल जलूस के लिए एक भव्य रथ तैयार किया गया है. जिसमें मशाल को पूरी विधानसभा में ले जाया गया. बासौदा जनपद पंचायत से प्रारंभ होकर मशाल जलूस मुख्य मार्गो से होता हुआ. आईपीएस स्कूल पहुंचा जहां मशाल को ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी को सुपुर्द किया गया. जिसके बाद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी खेल महाकुंभ की मशाल को लेकर ग्राम डावर पहुंचे जहां उन्होंने खेल महाकुंभ की मशाल को सिरनोटा मंडल अध्यक्ष नीलेश मीणा को सुपुर्द की मीणा इस भव्य व दिव्य मशाल को त्योंदा लेकर पहुंचे.जहां उन्होंने त्योंदा मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल को यह मशाल सुपुर्द की मशाल जलूस का समापन खामखेड़ा में ग्यारसपुर मंडल में हुआ. स्वस्थ भारत स्वस्थ्य युवा की अवधारणा को लेकर विगत दो दिवस पूर्व विदिशा में क्षेत्र के लाडले सांसद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सांसद खेल महोत्सव का प्रारंभ किया था यह महोत्सव करीब दो माह तक चलेगा जिसमें आठों विधानसभा के करीब 37 हजार खिलाड़ी अपनी सहभागिता करेंगे.उसी तारतम्य में जनजागृति के लिए बासौदा ग्यारसपुर विधानसभा के पांचों मंडलों में मशाल यात्रा निकाली गई. जिसमें क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी, नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जनपद पंचायत में अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी, प्रेमनारायण विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे.

## सार्वजनिक तालाब से मोटर और पाइप हटवाए, नायब तहसीलदार ने कार्रवाई कर दी चेतावनी

**नवभरत न्यूज**

**हैदरगढ़,** ग्राम पंचायत मढिया जामुन के ग्राम तालवहेड स्थित प्राचीन तालाब पर अवैध रूप से मोटर लगाकर निजी खेतों में सिंचाई किए जाने का मामला सामने आया स्थानीय व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक तालाब के पानी से पलेवा करने की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन, हल्का पटवारी एवं पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे.

मौके पर अधिकारियों ने पंचनामा तैयार कर मोटर और पाइपों को तत्काल हटवाया तथा संबंधित व्यक्ति को कड़ी चेतावनी दी कि आगे से सार्वजनिक तालाब का दुरुपयोग न किया जाए.नायब तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि सरकारी तालाब जनता के हित के लिए है, किसी व्यक्ति विशेष की निजी संपत्ति नहीं,अधिकारियों की इस त्वरितकार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष देखने को मिला ग्रामीणों ने प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से भविष्य में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग करने से पहले कई बार सोचने को मजबूर होगा.

♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
निःशुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.
मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो

84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

## 100 हेक्टेयर वन भूमि से हटाया अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** वन मण्डलाधिकारी हेमंत यादव के मार्गदर्शन एवं उप वन मण्डल अधिकारी सिरोंज हिमांशु त्यागी की उपस्थिति में आज सिरोंज के देवपुर बीट के कक्ष क्रमांक क्क-516 में व्यापक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. इस अभियान के तहत लगभग 100 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया. जिसमें 32 अतिक्रमणकारियों के कब्जे हटाए गए. कार्रवाई में सिरोंज, लटेरी, शमशाबाद, बासोदा एवं विदिशा उड़नदस्ता दल के साथ-साथ सिरोंज थाना पुलिस बल ने सक्रिय सहभागिता निभाई. अभियान का नेतृत्व रेंजर बृज मीणा द्वारा किया गया. समस्त स्टाफ के समन्वित प्रयासों से यह कार्रवाई शांतिपूर्वक एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई. अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र में अब शीघ्र ही वृक्षारोपण एवं संरक्षण कार्य प्रारंभ किया जाएगा. जिससे क्षेत्र का पुनर्घनत्वीकरण और जैव विविधता पुनर्स्थापित की जा सके. इस दौरान 6 जेसीबी मशीनों और 5 ट्रैक्टरों की सहायता से गड्ढे एवं ट्रेंचेस तैयार की गईं, ताकि भूमि की उत्पादकता बढ़े और जल संरक्षण को प्रोत्साहन मिले.

## गुलाबगंज मंडल में सांसद खेल महोत्सव का हुआ आगाज, विधायक हुए शामिल

**नवभारत न्यूज**

**गुलाबगंज, शुक्रवार को गुलाबगंज मंडल में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ विदिशा विधायक मुकेश टंडन की उपस्थिति में संपन्न हुआ. सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत फुल मालाओं के द्वारा किया. स्वागत पश्चात विधायक मुकेश टंडन ने बच्चों का उत्साह बर्धन करते हुए संबोधित किया .**

उद्बोधन के पश्चात विधायक और बच्चों के बीच रस्सा खींच प्रतियोगिता कराई गई जिसमें बच्चों ने बाजी मारी उसके बाद स्व सहायता समूह टीम और टीम क्क के बीच प्रतियोगिता हुई जिसमें टीम क्कविजय हुई साथ ही चम्मच दौड़ की प्रतियोगिता भी जिसमें विजय टीम जो गोल्ड मेडल पुरस्कार स्वरूप वितरण विधायक द्वारा किए गाए.इसमें मौके पर अनुविभागीय अधिकारी शशि मिश्रा,जनपद सीईओ जितेंद्र जैन, मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कांग,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी,जनपद सदस्य जगदीश दांगी,सचिन यादव,भाजपा नेता छत्रपाल शर्मा,मुकेश चौकसे,बलवीर सिंह,प्रकाश गुप्ता,आकाश खत्री,पीयूष शर्मा,नेतराम ,राहुल सोनी साथ ही खेल शिक्षक गोपाल कुशवाह एवं ग्रामीण आदि उपस्थित रहे.

**आयोजन**


**भगवान बुद्ध के परम शिष्यों की पावन अस्थियों के दर्शनार्थ देश-विदेश से उमड़ेंगे श्रद्धालु**

## बौद्ध वार्षिकोत्सव की तैयारियां शुरू, महाबोधि सोसायटी ने संभाली कमान

**नवभारत न्यूज**

**सांची, प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी सांची में बौद्ध वार्षिकोत्सव की तैयारियां जोरशोर से शुरू हो चुकी हैं.कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाबोधि सोसायटी ने पूरी तरह कमर कस ली है और आयोजन स्थल पर तैयारी प्रारंभ कर दी गई है.**

जानकारी के अनुसार इस वर्ष का वार्षिकोत्सव नवंबर माह के अंतिम रविवार को ऐतिहासिक स्तूप परिसर में आयोजित किया जाएगा. इस दौरान भगवान बुद्ध के परम शिष्य महामोग्गलान और



सारिपुत्र की पावन अस्थियों को बौद्ध मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखा जाएगा तथा पारंपरिक रूप से स्तूप परिसर की परिक्रमा कराई जाएगी.इस अवसर पर देश-विदेश से हजारों की संख्या में बौद्ध अनुयायी सांची पहुंचते हैं. उनकी सुविधा के लिए महाबोधि सोसायटी द्वारा ठहरने, भोजन एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है.वहीं नगर परिषद प्रशासन द्वारा साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पार्किंग की बेहतर तैयारियां की जा रही हैं.नगर के प्रमुख मार्गों पर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी गई है.वार्षिकोत्सव के दौरान आसपास और दूरदराज से आने वाले व्यापारी अपने अस्थायी प्रतिष्ठान लगाते हैं. नगर परिषद की ओर से इन दुकानदारों को निर्धारित स्थान उपलब्ध कराए जा रहे हैं. कई सामाजिक संस्थाएं निशुल्क जलपान व भोजन की व्यवस्था में सहयोग कर रही हैं.विधुत विभाग द्वारा पूरे आयोजन स्थल पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के इंतज़ाम किए जा रहे हैं.वहीं, पुरातत्व विभाग की ओर से इस अवसर पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सांची के प्रमुख स्मारकों का एक दिन के लिए निशुल्क दर्शन घोषित किया जाता है.महाबोधि सोसायटी के प्रभारी भंते जी ने बताया कि सांची का यह वार्षिकोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि विश्व शांति, सद्भावना और करुणा का संदेश देने वाला पर्व है। हर वर्ष की तरह इस बार भी देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत व उनकी सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं.सांची का यह वार्षिकोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह विश्वभर के बौद्ध अनुयायियों के लिए श्रद्धा और समरसता का अद्वितीय संगम भी बन जाता है.

## स्वच्छता गतिविधियों के विजेताओं का हुआ सम्मान समारोह

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, डॉल्फिन इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल सभागार में नवापुर विद्यापीठ एवं डॉल्फिन हाई स्कूल के संयुक्त आयोजन में स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत स्वच्छता पखवाड़ा में चित्रकला, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय स्तर पर आयोजित हुआ था. जिसमें प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं के साथ-साथ राज्य स्तर पर आयोजित हुई खेल प्रतियोगिताओं में गोल्ड,सिल्वर एवं कांस्य पदक प्राप्त करने वाले चैंपियंस को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.**

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद गंज बासौदा की अध्यक्ष एवं शहर की प्रथम नागरिक श्रीमती शशि अनिल यादव के मंचासीन उपस्थिति के साथ-साथ स्वास्थ्य अधिकारी आर के नेमा, विद्यालय की प्रबंध कारणी के अध्यक्ष एवं सदस्य सलाहकार, विद्यालय प्राचार्य तथा फीडबैक फाउंडेशन टीम की उपस्थिति रही.आयोजन में सर्वप्रथम नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी आर के नेमा जी द्वारा शहर की स्वच्छता हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं परिवर्तन की लहर में शहर वासियों के सहयोग पर प्रकाश डाला.तत्पश्चात फीडबैक फाउंडेशन के सीनियर मैनेजर भरत कान्त द्विवेदी द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तरीके को समझाया गया एवं बच्चों तथा अभिभावकों से अपील की कि हमें सबसे पहले स्वयं में परिवर्तन की शुरुआत करनी होगी, तत्पश्चात अपने घर, मोहल्ला, फिर अपने शहर की स्वच्छता में सहयोग करना होगा. नगरपालिका अध्यक्ष महोदय के स्वच्छ गंजबासौदा के सपने को साकार करने में हम सभी को सहयोग करना होगा सभी से आग्रह अपील करते हुए शहर की स्वच्छता में सहयोग मांगा. जिससे स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर गंज बासौदा का निर्माण हो सके.तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा सभी प्रतिभाओं को बधाई देते हुए विद्यालय पारिवार एवं नगर पालिका की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला एवं प्रदेश स्तर पर गंज बासौदा के नाम कि धूम एवं कार्यों की तारीफ को बताया तत्पश्चात सभी विजेताओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.